**D 13778** **(Pages : 3)** Name..............................

Reg. No..............................

Kottakkal ... Arts & Science College ... Malappuram

## FIRST SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2016

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 07 (1)—PROSE AND DRAMA

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर **अनिवार्य** हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'वापसी' कहानी का रचनाकार कौन है ?

(मन्नू भंडारी, उषा प्रियंवदा, प्रेमचंद, मधु कांकरिया)

2 महादेवी वर्मा की किस कृति को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?

(नीरजा, स्मृति की रेखाएँ, यामा, सांध्यगीत)

3 दिनकर के विचार में ईर्ष्या की बडी बेटी का नाम क्या है ?

(क्रोध, निंदा, भय, साहस)

4 'गुंगिया' का सही नाम क्या है ?

(गंगी, गंगादेवी, धनपतिया, धनिया)

5 विवेकानंद के बचपन का नाम क्या था ?

(सुरेन्द्र नाथ, गजेन्द्र नाथ, नरेन्द्र नाथ, रामचंद्र)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'बिना दीवारों के घर' नाटक का रचनाकार कौन है ?

7 'बिना दिवारों के घर' के अजित की बेटी का नाम क्या है ?

8 शोभा किस पद पर काम करती है ?

9 'मैं नरक से बोल रहा हूँ' का लेखक कौन है ?

10 विवेकानंद के गुरू का नाम क्या है ?

(10 × 1 = 10 marks)

**Turn over**

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के लघु उत्तर (दो-तीन वाक्यों में) लिखिए :

11 बसन्ती गजाधर बाबू से क्यों रूठती है ?

12 शुक्लजी क्यों युवा लोगों को कच्ची मिट्टी की मूर्ति से तुलना करते हैं ?

13 ईष्या का लाभदायक पक्ष कौन-सा है ?

14 गूंगिया के पिता का नाम क्या था और वह क्या काम करता था ?

15 "हमेशा जयन्त मजबूर करते हैं, आज मैं मज़बूर करने आयी हूँ ।"—यहाँ कौन किसको मज़बूर करने आयी है और किस बात के लिए ?

16 "वह प्रस्ताव लाया है, उसे मालूम होगा कि यह प्रस्ताव तुम्हारे लायक है या नहीं ।"—यहाँ कौन प्रस्ताव लाया है और प्रस्ताव कौन-सा है ?

17 "पढ़ी-लिखी मैं चाहे बहुत नहीं हूँ, पर उम्र में तुमसे दस साल बडी हूँ ।"— यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ? यह वाक्य कौन किससे कहती है ?

18 'जयंत, तुम साहनी से कह दो कि वे जुलाई से किसी और प्रिंसिपल का इंतज़ाम कर लें । मेरे लिए यह काम संभव नहीं होगा' शोभा के ऐसा कहने का मुख्य कारण क्या है ?

19 "तुम्हारी नज़रों में जयंत बहुत बड़ा आदमी होगा । बाहर क्या है ? अंग्रेज़ी कंपनी में काम करने से को आदमी बडा नहीं हो जाता, समझीं ।"—ये वाक्य कौन किससे कह रहा है ?

20 लेखक ईर्ष्या से बचने का क्या उपाय बताता है ?

21 चिंता को लोग क्यों चिंता कहता हैं ?

22 रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की ? उसका उद्देश्य क्या था ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 जब एक बार मनुष्य अपना पैर कीचड में डाल देता है, तब फिर यह नहीं देखता कि वह कहाँ और कैसी जगह पैर रखता है ?

24 उनकी अटपटी भाषा और उलझे वाक्यों में खोए इतिवृत्त को क्रमबद्ध करना, उनके अस्पष्ट और मिश्रित भावों के साथ उसकी संगति बैठाना तथा उन्हें पत्र का जामा पहनाना सहज नहीं है ।

25 मूर्ख ! तेरा कुत्ता तुझसे ज़्यादा समझदार है । वह घुस गया, खाया और डंडे की मार से मरकर यहाँ आ गया । उसमें मनुष्यत्व है, तुझमें पशुत्व भी नहीं ।

26 बस तुम्हारी यही आदत मुझे अच्छी नहीं लगती । ज़रा अपने ऊपर भरोसा रखना सीखो । तुम तो पढ़ाने का काम लेने में भी इसी तरह घबरा रही थी ।

27 मैं अर्जी दूँगी, और यह काम मुझे मिल गया तो दिखा भी दूँगी कि तुम जितना अयोग्य समझते हो उतनी मैं हूँ नहीं ।

28 ताने मारने में आपको कोई विशेष आनंद आता हो तो ठीक है, लेकिन इतना जान लीजिए कि मेरी सहनशक्ति की भी एक सीमा है ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

29 सत्संग और कुसंग के संबंध में शुक्लजी के विचार स्पष्ट कीजिए ।

30 'विना दीवारों के घर' में चित्रित मध्यवर्गीय जीवन की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए ।

31 पठित निबंध के आधार पर विवेकानंद के चरित्र और दार्शनिक चिंतन पर विचार कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)

C 33272

(Pages : 3)

Name..................................

Reg. No..............................

# FIRST SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2017

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 07 (01)—PROSE AND DRAMA

(2016 Admission onwards)

Time : Three Hours

Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से तक 10 के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'बिना दीवारों के घर' का रचनाकार कौन है ?

(उषा प्रियंवदा, मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, मोहन राकेश)

2 'मैं नरक से बोल रहा हूँ' गद्य की किस विधा की रचना है ?

(जीवनी, आत्मकथा, व्यंग्य, यात्रा वृत्तांत)

3 प्रेमचंद के बचपन का क्या नाम है ?

(गुलाबराय, नवाबराय, धनपतराय, विनोद राय)

4 'बिना दीवारों के घर' का नायक कौन है ?

(जयंत, संपत्तलाल, बंसी, अजित)

5 दिनकर किसे ईर्ष्या की बेटी मानते हैं ?

(करूणा, निंदा, क्रोध, घृणा)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'वापसी' किसकी लिखी कहानी है ?

7 विवेकानंद के गुरू कौन थे ?

8 शोभा के पति का क्या नाम है ?

Turn over

9 ‘मित्रता’ निबंध का रचनाकार कौन है ?

10 “सारी चीजें घर की है और घर की हर चीज़ ठिकाने पर है या नहीं, यह देखना औरत का काम है ।”—यह प्रसंग किस रचना का है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 गजाधर बाबूने घर के नौकर को क्यों छुडा दिया ?

12 शुक्लजी क्यों युवाओं की तुलना कच्ची मिट्टी से करते हैं ?

13 ईश्या का अनोखा वरदान कौन-सा है ?

14 “जब एक बार मनुष्य अपना पैर कीचड़ में डाल देता है तब फिर यह नहीं देखता कि वह कहाँ और कैसी जगह पैर रखते हैं ।”—इस प्रसंग का मतलब क्या है ?

15 मैं नरक से बोल रहा हूँ का लेखक क्यों मरकर बोलने का निश्चय कर लेता है ?

16 प्रेमचंद के किन्हीं चार उपन्यासों के नाम लिखिए ।

17 “अनपढ़ भारतीय, निर्धन भारतीय, ऊँची जाति का भारतीय, नीची जाति का भारतीय सब मेरे भाई है ।”—यह कथन किसका है ? यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ?

18 “घर का काम ठीक समय पर नहीं होता, मैं जिम्मेदार तुम अपना काम नहीं करते मैं जिम्मेदार । ये पंक्तियाँ किस रचना की है ? इसका रचनाकार कौन है ?

19 सेठ संपत्तलाल किस उद्देश्य से शोभा के पास आता है ?

20 एक बार में तुम्हारे कालेज आकर देखना चाहता हूँ कि तुम लडकियों को संभालती हो ।—यह प्रसंग कौन किससे कहता है ?

21 आदमी को उतना ही बढना चाहिए, जितनी उसकी औकात हो ।”—यह वाक्या कौन किससे कहता है ?

22 “मैं खुद जानती हूँ कि जब घर बसाया है, बच्चों को जन्म दिया है तो मेरा पहला कर्तव्य उनके प्रति ही है ।”—यह प्रसंग किस रचना का है ? यह वाक्य कौन कह रही है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं चार अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 कुसंग का ज्वार सबसे भयानक होता है । यह केवल नीति और सद्बुद्धि नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का क्षय करता है ।

24 तुम्हें किस बात की कमी है अमर की माँ-घर में बहू है, लडके-बच्चे हैं, सिर्फ रुपए से ही आदमी अमीर नहीं होता ।

25 मूर्ख ! तेरा कुत्ता तुझसे ज्यादा समझदार है । वह घुस गया, खाया और डंडे की मार से मरकर यहाँ आ गया ।

26 सच कहता हूँ, यहाँ आते समय मुझे कभी लगता ही नहीं कि मैं किसी दूसरे के घर जा रहा हूँ ।

27 मैंने तो यही तय किया है कि मैं यह काम छोड दूंगी । अपने घर की सुख और शांतियों नष्ट नहीं होने दूंगी ।

28 प्रस्ताव अपने आप तो चलकर आया नहीं होगा । तुम चाहे न बताओ, पर मैं जानता हूँ कि जयंत के सिवा और कोई ला नहीं सकता ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'ईर्ष्या तू न गयी मेरे मन से' निबंध का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

30 'बिना दीवारों के घर' नाटक में चित्रित वर्तमान समस्याओं का उल्लेख कीजिए ।

31 स्वामी विवेकानंद के चरित्र एवं दार्शनिक चिंतन पर विचार कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)

**D 52704** **(Pages : 3)** Name.................................

Reg. No.................................

k Arts & Science College, Kottakkal

## FIRST SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2018

(CUCBCSS–UG)

Common Course

A 07 (01)—PROSE AND DRAMA

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए : (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है ।)

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'मित्रता' निबंध का रचनाकार कौन है ?

(दिनकर, बाबू गुलाबराय, रामचंद्र शुक्ल, मधु कांकरिया)

2 गूंगिया का असली नाम क्या है ?

(गंगेश्वरी, गंगा, धनपतिया, ज्ञानेश्वरी)

3 'बिना दीवारों के घर' नाटक का रचनाकार कौन है ?

(ममता कालिया, मन्नू भंडारी, उषा प्रियंवदा, कृष्ण सोबती)

4 स्वामी विवेकानंद का जन्म कब हुआ ?

(1850 ई., 1675 ई., 1863 ई., 1900 ई.)

5 'बिना दीवारों के घर' की नायिका शोभा के पति का क्या नाम है ?

(रंजित, अजित, प्रेमजीत, अजय)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 विवेकानंद के बचपन का क्या नाम था ?

7 'गूंगिया' का रचनाकार कौन है ?

8 'मैं नरक से बोल रहा हूँ' का लेखक कौन है ?

9 प्रेमचंद के बचपन का क्या नाम था ?

10 गजाधर बाबू के बडे लडके का क्या नाम है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 चिंता को लोग चिता क्यों कहते हैं ?

12 रामकृष्ण मिशन का संस्थापक कौन है ? इसका उद्‌देश्य क्या था ?

13 'कभी कुछ जरूरत हो तो लिखना गनेशी । इस अगहन तक बिटिया की शादी कर दो ।'—यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका रचनाकार कौन है ?

14 शुक्लजी क्यों युवाओं को कच्ची मिटटी से तुलना करते हैं ?

15 सच्ची मित्रता में क्या-क्या गुण होते हैं ?

16 ईर्ष्या को लेखक क्यों अनोखा वरदान मानते हैं ?

17 महादेवी वर्मा के किन्हीं चार गद्य रचनाओं के नाम लिखिए ।

18 'मैं नरक से बोल रहा हूँ' का लेखक क्यों मरकर नरक से बोलने का निश्चय कर लेता है ?

19 'एक बार मैं तुम्हारे कॉलेज आकर देखना चाहता हूँ कि तुम लडकियों को कैसे सम्हालती हो ।'—यह प्रसंग कौन किससे कहता है ? यह प्रसंग किस रचना का है ?

20 'आखिर उससे हमारा बहुत पुराना संबंध है फिर वह यह न समझ ले कि जयंत से संबंध टूटने के कारण हमने उससे भी संबंध तोड लिया ।'—यह कथन किस पात्र का है ? इस प्रसंग में किसको किससे बहुत पुराना संबंध है ?

21 'नौकर हैं तो इसका यह मतलब नहीं कि हमारा कोई ईमान ही नहीं ।'—यह प्रसंग किस रचना से उद्‌धृत है ? यह कथन किसका है ?

22 'आदमी को उतना ही बढना चाहिए, जितनी उसकी औकात हो ।'—यह प्रसंग किस रचना का है ? यह वाक्य कौन किससे कहता है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 देखता हूँ, पिछले कुछ दिनों से तुम्हें अपने को लेकर काफी भ्रम हो चला है । कॉलेज में पढ़ाना और कॉलेज चलाना दो अलग-अलग बातें हैं, समझीं ?

24 यह शायद बनानेवाले और बननेवाले का संघर्ष है, जो दो पीढियों के बीच भी हो सकता है और एक ही पीढ़ि के दो व्यक्तियों के बीच भी ।

25 देखिए सेठ जी, विद्‌या कोई चाय या चावल तो नहीं जिसे आप पैसे से खरीद लेंगे । आप नंबर देखना चाहेंगे उसके ?

26 जब एक बार मनुष्य अपना पैर कीचड़ में डाल देता है, तब फिर यह नहीं देखता कि वह कहाँ और कैसी जगह पैर रखता है ।

27 जिनका चरित्र उन्नत है, जिनका हृदय निर्मल और विशाल है, वे कहते हैं, इन बेचारों की बातों से क्या चिढ़ना ? ये तो खुद ही छोटे हैं ।

28 पाप-पुण्य के झमेले में पड़नेवाले कायर ! वह दीवाल क्या मेरी बनायी हुई है ? तमाम दीवालें आदमियों ने खडी की हैं ?

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'मित्रता' निबंध में अभिव्यक्त विचारों का उल्लेख कीजिए।

30 'बिना दीवारों के घर' नाटक में चित्रित मध्यवर्गीय जीवन की समस्याओं पर विचार कीजिए।

31 गूँगिया की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(2 × 15 = 30 marks)